आकाशवाणी श्री विजयपुरम

10.06.2025 समय : 1850

- सरकार की 11 साल की उपलब्धियों में भारत रक्षा के क्षेत्र में वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है।
- केन्द्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने आज द्वीपसमूह में भारत सरकार के 11 साल की उपलब्धियों का आंकलन किया।
- 26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सेनाओं को उनके बलिदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।
- वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में एटीएफ रेस्तरां का उद्घाटन किया गया।

<><><><><><><>

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत को वैश्विक शक्ति बनाना है। पिछले एक दशक में, भारत ने स्पष्टता, दृढ़ विश्वास और आत्मविश्वास के साथ अपने सुरक्षा सिद्धांत को फिर से परिभाषित किया है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर 2025 में ऑपरेशन सिंदूर तक, स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरों को बर्दाश्त नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया। पहलगाम आतंकी हमले का एक त्वरित और निर्णायक जवाब देते हुए भारत ने सीमा पार नौ आतंकी शिविरों को बेअसर कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में स्वदेशी विनिर्माण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विमानवाहक पोत INS विक्रांत से लेकर उच्च ऊंचाई वाले लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर LCH प्रचंड तक, भारत आत्मविश्वास के साथ डिजाइन और तैनाती कर रहा है। इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस, iDEX जैसी पहल स्टार्टअप्स और MSMEs को हमारी सेनाओं के लिए अत्याधुनिक समाधान देने के लिए सशक्त बना रही है। इसके अलावा, रक्षा निर्यात 23 हजार 622 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड पर पहुंच गया है, जो 2014 से 34 गुना वृद्धि है। 5 हजार से अधिक वस्तुएं अब सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची में हैं। अग्रिम मोर्चे से लेकर फैक्ट्री फ्लोर तक, युद्ध के मैदानों से लेकर बोर्डरूम तक – भारत एक नए युग की शुरुआत कर रहा है।

<><><><><><><>

मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की उपलब्धियों पर आज प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने उपस्थिति को संबोधित किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने पिछले 11 सालों में भारत सरकार के विकास और सामाजिक कल्याण के मुद्दों को लेकर उसका आंकलन करते हुए विवरण दिया, जिसमें नोटबंदी, ट्रिपल तलाक, धारा 370, कोरोना महामारी जैसे मुद्दे शामिल थे।

उन्होंने कहा कि भारत इन 11 सालों मे निरंतर सफलता की ओर प्रगति करता जा रहा है। द्वीपसमूह के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश के साथ–साथ द्वीपसमूह में भी विकास का डंका बजा है। केन्द्रीय मंत्री ने अंडर–सी केबल, नेशनल हाईवे, हवाई अड्डा टर्मिनल और आज़ाद हिन्द फौज सेतु के महत्ता को उजागर किया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी, ज़िला परिषद अध्यक्ष और अन्य नेता उपस्थित थे।

<><><><><><><>

सेना 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू करने के लिए तैयार है। 26 जुलाई –कारगिल विजय दिवस तक चलने वाले इस कार्यक्रम में राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करने वाले नायकों की अदम्य सेवा, बलिदान और साहस का सम्मान किया जाएगा। सेना के अनुसार इस वर्ष के कार्यक्रम में स्थानीय समुदायों को शामिल करने और युद्ध नायकों की यादों को सम्मानित करने और युद्ध के महत्वपूर्ण ऑपरेशन और कार्यक्रम का विशेष संगम देखने को मिलेगा। इस सप्ताह से शुरू होने वाले एक विशेष अभियान में कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले युद्ध नायकों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस अभियान में पांच सौ 45 परिजनों को उनके निवास स्थान पर सम्मानित किया जाएगा। सेना के जवानों का एक दल आभार पत्रों के साथ 25 राज्यों, दो केंद्रशासित प्रदेशों और नेपाल का दौरा करेगा। इस दौरान जवानों को परिजनों की शिकायतों का भी समाधान किया जाएगा। सेना उनकी विरासत को संरक्षित करने के लिए यादगार चीजें भी एकत्र करेगी और द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक में इन्हें प्रदर्शित किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में एक नए पाक–कला गंतव्य – "एटीएफ –ऑल थिंग्स फेवरेट" का आज उद्‌घाटन किया गया। इस रेस्तरां का उद्‌घाटन हवाई अड्डे के निदेशक देवेन्द्र यादव ने अधिकारियों, हितधारकों और आगंतुकों की उपस्थिति में किया। यह रेस्तरां सुबह 5:30 बजे से रात 9:00 बजे तक संचालित होगा। "एटीएफ" भोजन प्रेमियों, जिसमें यात्रियों और स्थानीय निवासियों दोनों के लिए भारतीय और कॉन्टीनेंटल व्यंजन, स्नैक्स और पेय पदार्थ परोसे जाएंगे। टर्मिनल के लैंडसाइड पर स्थित, यह रेस्तरां सभी के लिए सुलभ है। इस अवसर पर हवाई अड्डा निदेशक ने कहा कि एटीएफ का उद्‌घाटन हवाई अड्डे की सुविधाओं में सुधार और एक जीवंत सार्वजनिक स्थान बनाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद में सर्वर अपग्रेड के कारण ऑनलाइन और टैक्स काउंटर सेवा अस्थायी रूप से बंद रहेगी। नगरपालिका परिषद अपनी ऑनलाइन सेवाओं की सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक निर्धारित सर्वर अपग्रेडेशन करने जा रही है। इस संबंध में टैक्स काउंटर और ऑनलाइन पोर्टल पर कर संग्रह सेवाएँ कल दोपहर दो बजे से शाम पांच तक अस्थायी रूप से अनुपलब्ध रहेगी। इसके अलावा सभी संबंधित सेवाएँ भी निलंबित रहेंगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एन.आई.टी राउरकेला के विभिन्न डिग्री स्तरीय कार्यक्रमों में दाखिले के लिए पंजीकरण और विकल्प का चुनाव तथा सीट आवंटन की प्रक्रिया तेईस जून से शुरू होगी। इंजीनियरिंग, वास्तुकला और फार्मासी की आरक्षित सीटों पर द्वीपसमूह के विद्यार्थियों से आवेदन करने को कहा गया है। केन्द्रीय सीट आवंटन बोर्ड की वेबसाइट सी. एस.ए.बी डॉट एन.आई.सी डॉट इन पर जाकर इच्छुक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय में अनुबंध के आधार पर विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी के लिए मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत प्रबंधक, समन्वयक, सामाजिक कार्यकर्ता सह प्रारंभिक शिक्षक, आया और चौकीदार के पदों पर भर्ती के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए थे। पात्र उम्मीदवारों की सूची विभाग के नोटिस बोर्ड पर दर्शा दी गई है। दावे और आपत्तियाँ 3 दिनों के भीतर जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

चिन्मय मिशन के तहत चिन्मय युवा केंद्र की ओर से "आपका मन – आपका पैराशूट" विषय पर आयोजित 5 दिवसीय गैर आवासीय शिविर का समापन हो गया। समापन अवसर पर समाज कल्याण निदेशक रविन्द्र कुमार मुख्य अतिथि थे, जबकि डीब्रेट के प्राचार्य डॉ. उत्पल शर्मा सम्माननीय अतिथि थे। शिविर को संबोधित करते हुए अतिथियों ने छात्रों को जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत और ईमानदारी से काम करने की सलाह दी। शिविर के दौरान वक्ताओं द्वारा ध्यान, नैतिक मूल्य जैसे संबंधित विषयों पर कक्षाएं संचालित की गईं। प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतिभागियों को शहर की जल आपूर्ति प्रणाली के बारे में जागरूक करने के लिए धन्नीखाड़ी बांध और लंबा लाइन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट ले जाया गया। आयुष के योग विशेषज्ञ द्वारा योग सत्र भी आयोजित किया गया।

<><><><><><><>